# ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना

सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना में वृद्धावस्था भत्ता और वृद्धावस्था जीविका भत्ता शामिल है, जिसके तहत उन पात्र हांगकांग निवासियों को मासिक भत्ता प्रदान किया जाता है जिन्होंने ग्वांगडोंग (केवल ग्वांगडोंग योजना के लिए लागू) में या फुजियन (केवल फुजियन योजना के लिए लागू) में निवास का चयन किया है। वृद्धावस्था भत्ता हांगकांग के निवासियों, जिनकी आयु 70 वर्ष या उससे अधिक है, वृद्धावस्था से उत्पन्न होने वाली उनकी विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-साधन-परीक्षा के आधार पर मासिक भत्ता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। वृद्धावस्था जीविका भत्ता हांगकांग के 65 वर्ष या उससे अधिक की आयु के निवासियों के जीवन निर्वाह व्यय के पूरक के रूप में प्रति माह एक विशेष भत्ता प्रदान करना है, जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है और जिनकी आय और संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं है।

## पात्रता मापदंड

एक आवेदक ग्वांगडोंग योजना/फुजियन योजना के तहत भत्ते का पात्र तब होता है यदि वह:
(क) आवास की निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करता हो:

(1) कम से कम सात वर्षों से हांगकांग का निवासी होना चाहिए; और

(2) आवेदन करने की तारीख से ठीक पहले कम से कम एक साल से वह लगातार हांगकांग में रह रहा होना चाहिए (इस एक वर्ष की समयाविध केदौरान अधिकतम 90 दिनों तक हांगकांग में न रहने पर भी आवेदनकर्ता को हांगकांग का निवासी ही माना जाएगा)।

ध्यान दें(i) वे व्यक्ति जिनकी हांगकांग में उपस्थिति अवैधानिक है या जिन्हें निवास की बजाय (उदाहरण के लिए आयातित मजदूर या पर्यटक) किसी अन्य उद्देश्य से हांगकांग में रहने की अनुमति मिली हुई है, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है।

(ii) यह निर्धारित करने के लिए कि एक आवेदक आवेदन करने की तारीख से ठीक पहले कम से कम एक वर्ष के लिए लगातार हांगकांग में रहा है या नहीं, एक साल की समयावधि के दौरान हांगकांग से बाहर वैतनिक कार्य से उत्पन्न अनुपस्थिति को अनदेखा कर इस पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते वे इसके लिए पर्याप्त दस्तावेज़ उपलब्ध करवा पाएँ। यदि कोई आवेदक इस एक वर्ष की अवधि के दौरान हांगकांग से बाहर चिकित्सीय उपचार प्राप्त करने के कारण 90 दिन से अधिक के लिए हांगकांग में अनुपस्थित रहता है, तो समाज कल्याण विभाग के निदेशक 90 दिनों से ज्यादा की अनुपस्थिति की सीमा को नजरअंदाज कर अपने विवेक का उपयोग करते हुए इस पर विचार कर सकते हैं, बशर्ते हांगकांग के बाहर चिकित्सीय उपचार प्राप्त करने के कारण और साक्ष्य स्थापित किये जा सकें।

(iii) हांगकांग से अनुपस्थिति का मतलब हांगकांग छोड़कर मेनलैंड, मकाऊ या विदेशी देशों/क्षेत्रों में जाना है।

(ख) वह भुगतान प्राप्ति [प्राप्तकर्ता को ग्वांगडोंग योजना/फुजियन योजना के तहत पूरे साल के भत्ते का भुगतान प्राप्त करने के लिए भुगतान वर्ष के भीतर कम से कम 60 दिनों के लिए ग्वांगडोंग (केवल ग्वांगडोंग योजना पर लागू)/फुजियन (केवल फुजियन योजना पर लागू) में निवास करने की आवश्यकता होगी] के दौरान लगातार ग्वांगडोंग (केवल ग्वांगडोंग योजना पर लागू)/फुजियन (केवल फुजियन योजना पर लागू) में रह रहा है;

(ग) यदि वह सार्वजनिक किराए के घर में किरायेदार के तौर पर रहने के लिए अधिकृत है तो उसे हांगकांग छोड़ने से पहले अपने सार्वजनिक किराए के घर को छोड़ देना चाहिए या किरायेदारी से अपना नाम हटा देना चाहिए;

(घ) सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत कोई अन्य भत्ता या व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना के तहत सहायता प्राप्त नहीं कर रहा है;

(ड) आवेदक न्यायिक हिरासत में या किसी दंडकारी संस्था में न रखा जा रहा हो; और

(च) व्यक्तिगत भत्ते के लिए आवश्यक निम्न पात्रता मापदंड को पूरा करता हो:

(1) वृद्धावस्था भत्ता

- उसकी आयु 70 वर्ष या उससे अधिक है।

(2) वृद्धावस्था जीविका भत्ता

- उसकी आयु 65 वर्ष या उससे अधिक है; और
- उसकी और/या उसकी पत्नी/पति/सह-आवास साथी (यदि लागू हो) [नीचे नोट देखें] की मासिक आय और संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक <u>नहीं</u> है।

ध्यान दें: यदि एक आवेदक की वैवाहिक स्थिति "कभी शादीशुदा नहीं", "पृथक" "तलाकशुदा" या "विधवा/विधुर" है, तब उसे केवल अपना स्वयं का व्यक्तिगत विवरण और आय और संपत्ति की जानकारी देने की आवश्यकता है। यदि आवेदक की वैवाहिक स्थिति "शादीशुदा" या "सह-आवासीय*" है, तो आवेदक को अपना /पति/पत्नी /सह-आवास साथी का व्यक्तिगत विवरण और आय और संपत्ति की जानकारी देने की आवश्यकता है।

[*केवल उन्हीं मामलों में लागू जहाँ आवेदक (i) वर्तमान में एक ही घर में सह-आवास साथी के साथ रहता है; (ii) सह-आवासीय साथी के साथ संसाधन साझा करते हुए रहता है; और (iii) सह-आवास साथी की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी SWD को प्रदान करने पर सहमत है, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि आवेदक का सह-आवास साथी वर्तमान में वृद्धावस्था जीविका भत्ता/अन्य भत्ता प्राप्त कर रहा है या नहीं। इस प्रकार के आवेदन का "शादीशुदा जोड़ों के लिए वित्तीय संसाधन सीमाएं" के आधार पर साधन परीक्षा आकलन किया जाएगा।]

## आवेदन कैसे करें

आवेदकों को हांगकांग में व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा, जिस समय तक आवेदकों को सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाई (ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना) को अंतिम दो तस्वीरों और सभी प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ पूरा "ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना आवेदन पत्र" वापस करना होगा। सबसे पहले मेल द्वारा या व्यक्तिगत रूप से। आवेदक ऑनलाइन फॉर्म द्वारा भी आवेदन कर सकते हैं। "ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना आवेदन पत्र" और मार्गदर्शन के लिए नोट्स समाज कल्याण विभाग की ग्वांगडोंग योजना वेबसाइट (www.swd.gov.hk/gds) या फुजियन योजना वेबसाइट (www.swd.gov.hk/fjs) से डाउनलोड किये जा सकते हैं या किसी सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाई से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदक सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाई (ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना) से आवेदन पत्र और मार्गदर्शन नोट्स फोन या डाक के जरिये भी प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन प्राप्त होने पर समाज कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाई (ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना) में आवेदक के साथ साक्षात्कार की व्यवस्था करेगा। निर्धारित साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदकों को प्रासंगिक दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ साथ लाने की आवश्यकता है।

जो आवेदक पहले ही ग्वांगडोंग (केवल ग्वांगडोंग योजना पर लागू)/फुजियन (केवल फुजियन योजना पर लागू) में बस चुके हैं और सार्वजनिक अस्पताल/क्लिनिक द्वारा जारी मेडिकल साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं जोकि यह दर्शाता है कि वे स्वास्थ्य स्थिति के कारण आवेदन के लिए हांगकांग आने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, तब समाज कल्याण विभाग अपने एजेंट(एजेंटों) से आवेदन प्रक्रिया को पूरी करने में आवेदकों की सहायता करने का अनुरोध करेगा।

ध्यान दें:
समाज कल्याण विभाग भत्ते के लिए आवेदक की संबंधित योग्यता आयु (अर्थात 65$^{\text{वां}}$ या 70$^{\text{वां}}$ जन्मदिन) तक पहुँचने से एक महीना पहले ग्वांगडोंग योजना/फुजियन योजना के तहत वृद्धावस्था जीविका भत्ता/वृद्धावस्था भत्ता के लिए आवेदन स्वीकार करता है। इस व्यवस्था के तहत, भत्ते के लिए भुगतान की गणना उस तारीख से की जायेगी जब आवेदक योग्य उम्र का हो जाएगा और सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करेगा।

## पूछताछ

ग्वांगडोंग योजना या फुजियन योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ग्वांगडोंग योजना वेबसाइट (www.swd.gov.hk/gds) या फुजियन योजना वेबसाइट (www.swd.gov.hk/fjs) पर जाएं। ग्वांगडोंग योजना या फुजियन योजना के बारे में पूछताछ के लिए ग्वांगडोंग योजना और फुजियन योजना की फोन लाइन 3105 3266 पर संपर्क कर सकते हैं।

**फरवरी 2023**

# Guangdong Scheme and Fujian Scheme

The Guangdong Scheme and Fujian Scheme under the Social Security Allowance Scheme comprise Old Age Allowance and Old Age Living Allowance to provide monthly allowance for eligible Hong Kong residents who choose to reside in Guangdong (only applicable to Guangdong Scheme) or Fujian (only applicable to Fujian Scheme). Old Age Allowance is designed to provide a monthly allowance on a non-means-tested basis to Hong Kong residents who are 70 years of age or above to meet their special needs arising from old age. Old Age Living Allowance is to provide a special allowance per month to supplement the living expenses of Hong Kong residents aged 65 or above who are in need of financial support and having income and assets not exceeding the prescribed limits.

## Eligibility Criteria

An applicant is eligible for an allowance under the Guangdong Scheme/Fujian Scheme if he/she:

(a) satisfies the following residence requirements:

(1) he/she must have been a Hong Kong resident for at least seven years; and

(2) he/she must have resided in Hong Kong continuously for at least one year immediately before the date of application (absence from Hong Kong up to a maximum of 90 days during the one-year period is treated as residence in Hong Kong).

Note: (i) Persons whose presence in Hong Kong is unlawful or persons who are permitted to stay in Hong Kong for a purpose other than residence (for example, imported workers or visitors) are excluded from the Scheme.

(ii) In determining whether an applicant has resided in Hong Kong continuously for at least one year immediately before the date of application, consideration can be given to disregarding absences arising from paid work outside Hong Kong during the one-year period, subject to there being sufficient documentary proof. Where an applicant has been absent from Hong Kong for more than 90 days during the one-year period because of the need to receive medical treatment outside Hong Kong, the Director of Social Welfare can consider exercising his discretion to disregard the absences exceeding the 90-day limit, subject to the reason for and evidence of receiving medical treatment outside Hong Kong being established.

(iii) Absence from Hong Kong means leaving Hong Kong for the Mainland, Macao or overseas countries/territories.

(b) continues to reside in Guangdong (only applicable to Guangdong Scheme)/Fujian (only applicable to Fujian Scheme) during receipt of allowance [a recipient under the Guangdong Scheme/Fujian Scheme will be required to reside in Guangdong (only applicable to Guangdong Scheme)/Fujian (only applicable to Fujian Scheme) for at least 60 days within a payment year for obtaining a full-year payment of allowance];

(c) should surrender his/her public rental housing unit or delete his/her name from the tenancy before leaving Hong Kong if he/she is an authorised public rental housing tenant;

(d) is not in receipt of any other allowance under the Social Security Allowance Scheme or assistance under the Comprehensive Social Security Assistance Scheme;

(e) is not being detained in legal custody or admitted to a penal institution; and

(f) fulfils the following eligibility criteria required by the individual allowance:

(1) Old Age Allowance

- he/she is aged 70 or above.

(2) Old Age Living Allowance

- he/she is aged 65 or above; and
- he/she and/or his/her spouse/cohabiting partner (if applicable) [see note below] has/have a monthly income and assets not exceeding the prescribed limits.

Note: If an applicant's marital status is "Never Married", "Separated", "Divorced" or "Widowed", he/she is only required to provide his/her personal particulars and information on his/her own income and assets. If an applicant's marital status is "Married" or "Cohabiting*", the applicant is required to provide his/her spouse's/cohabiting partner's personal particulars and information on income and assets.

[*Only applicable to cases where the applicant (i) is currently living with a cohabiting partner in the same household; (ii) is living on shared resources with the cohabiting partner; and (iii) agrees to provide the personal and financial information of the cohabiting partner to the SWD, regardless of whether the applicant's cohabiting partner is/is not currently receiving the Old Age Living Allowance/other allowance. Such application will be subject to the means test assessment based on the "Financial Resource Limits for Married Couples".]

## How to Apply

Applicants must complete the application procedures in person in Hong Kong, prior to which applicants are required to return the completed "Guangdong Scheme and Fujian Scheme Application Form" together with two recent photos and photocopies of all relevant supporting documents to the Social Security Field Unit (Guangdong Scheme and Fujian Scheme) by post or in person first. Applicants can also make an application by online form. The "Guangdong Scheme and Fujian Scheme Application Form" and Guidance Notes can be downloaded from the Social Welfare Department's Guangdong Scheme

website (www.swd.gov.hk/gds) or Fujian Scheme website (www.swd.gov.hk/fjs) or obtained from any social security field units. Applicants can also obtain the Application Form and Guidance Notes from the Social Security Field Unit (Guangdong Scheme and Fujian Scheme) by phone or by post.

Upon receipt of an application, the Social Welfare Department will make arrangements for an interview with the applicant at the Social Security Field Unit (Guangdong Scheme and Fujian Scheme). Applicants need to bring along original copies of relevant documents when attending the scheduled interview.

For applicants who have already settled in Guangdong (only applicable to Guangdong Scheme)/Fujian (only applicable to Fujian Scheme) and can produce medical proof(s) issued by public hospital/clinic indicating that they may not be able to travel to Hong Kong for the application due to health condition, the Social Welfare Department will request its agent(s) to assist the applicants in completing the application procedures.

Note:
The Social Welfare Department accepts application for Old Age Living Allowance/Old Age Allowance under the Guangdong Scheme/Fujian Scheme within one month prior to the applicant's reaching the respective qualifying age (i.e. the $65^{th}$ or $70^{th}$ birthday) for the allowance. Under this arrangement, the payment of allowance will be calculated from the date of applicant fulfils the qualifying age and satisfies all the eligibility criteria.

## Enquiries

For more information about the Guangdong Scheme or Fujian Scheme, please visit the Guangdong Scheme website (www.swd.gov.hk/gds) or Fujian Scheme website (www.swd.gov.hk/fjs). Enquiries about the Guangdong Scheme or Fujian Scheme can be made to the Guangdong Scheme and Fujian Scheme Enquiry Line at 3105 3266.

**September 2023**